FORTUNE TMT
PANORA
2026
THE PROPERTY FEST

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

Date
10-11th April, 2026
Time
10 am to 8:00 pm
Venue
Nirvana Luxury Hotel, Ludhiana

VOL: 11 | ISSUE 78 | WEDNESDAY 01-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## हरियाणा सरकार ने ₹590 CR के IDFC First और AU Small Finance Bank घोटाले की CBI जांच की सिफारिश

चंडीगढ़/यूटर्न/31 अप्रैल। हरियाणा सरकार IDFC First Bank और AU Small Finance Bank से जुड़े लगभग ₹590 करोड़ के घोटाले की जांच सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (CBI) को सौंपने की सिफारिश की है। चंडीगढ़ पुलिस भी इस मामले की जांच कर रही है, जो चंडीगढ़ प्रशासन के फंड के गबन से जुड़ा है। हरियाणा में, 12 खातों में फैले आठ सरकारी विभागों के फंड इस घोटाले में शामिल हैं। फिलहाल, राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (SV&ACB) इस मामले की जांच कर रहा है, और अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। लगभग एक दर्जन खातों में से, दस IDFC First Bank में थे और दो AU Small Finance Bank में थे। जांच में पता चला कि मुख्य आरोपी ने सरकारी फंड को कई




बैंक खातों में अवैध रूप से ट्रांसफर करने के लिए कई फर्जी फर्म और कंपनियाँ बनाई थीं। जांच के दौरान जिन संस्थाओं की पहचान की गई, उनमें R S Traders, Cap Co Fitech Services, SRR Planning Gurus Pvt Ltd, और Swastik Desh Project शामिल हैं। 23 फरवरी को SV&ACB पुलिस स्टेशन, पंचकूला में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 में संशोधित) के प्रावधानों और भारतीय न्याय संहिता, 2023 की संबंधित धाराओं के तहत एक FIR दर्ज की गई थी। SV&ACB की जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने फर्जी डेबिट मेमो बनाकर बैंकिंग रिकॉर्ड में हेरफेर किया, ताकि फंड को उन कई खातों में ट्रांसफर किया जा सके जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आरोपियों और उनके रिश्तेदारों से जुड़े थे।




S.S.KHURANA
Ansal Estatz | Ansal Wealth
Real Estate
Investment
RERA REGISTRATION NUMBER PBRERA-LDH45-REA0001
PROPERTY IN LUDHIANA & CHANDIGARH TRICITY
SCO -15, SOUTH CITY, LUDHIANA. M: 99155-07786




# पंजाब सरकार के ऐतिहासिक औद्योगिक सुधार: लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड आसान, उद्योगों को बड़ी राहत

## कैबिनेट ने दी बड़ी मंजूरी, इंफ्रास्ट्रक्चर प्रबंधन में भी क्रांतिकारी बदलाव - संजीव अरोड़ा

चंडीगढ़, यूटर्न, 31 मार्च। पंजाब सरकार ने उद्योग जगत को बड़ी राहत देते हुए अहम औद्योगिक सुधारों को मंजूरी दी है। उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, बिजली और स्थानीय सरकारों के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने बताया कि लीजहोल्ड औद्योगिक प्लॉटों और शेड्स को फ्रीहोल्ड में बदलने की नीति में बड़े बदलाव किए गए हैं। इसके साथ ही फ्रीहोल्ड प्लॉट धारकों के लिए पोस्ट-अलॉटमेंट सेवाओं को भी सरल और तार्किक बनाया गया है। ये सुधार उद्योगिक संगठनों के साथ व्यापक विचार-विमर्श और मंत्रियों के समूह की सिफारिशों के बाद लागू किए गए हैं, जो राज्य में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को और मजबूत करेंगे और एक पारदर्शी, निवेशक-अनुकूल औद्योगिक माहौल तैयार करेंगे।

### इंफ्रास्ट्रक्चर प्रबंधन में क्रांतिकारी बदलाव

कैबिनेट ने 'पंजाब कॉमन इंफ्रास्ट्रक्चर (रेगुलेशन एंड मेंटेनेंस) संशोधन विधेयक 2026' को भी मंजूरी दी है, जिसके तहत:

1. एकीकृत और पारदर्शी प्रणाली:
सभी औद्योगिक क्षेत्रों—फोकल प्वाइंट, इंडस्ट्रियल एस्टेट और क्लस्टर—के रखरखाव के लिए एक समान व्यवस्था लागू होगी।

2. वित्तीय राहत:
नगर निगम क्षेत्रों में सर्विस चार्ज में प्रॉपर्टी टैक्स को शामिल कर डबल टैक्सेशन खत्म किया जाएगा, जिससे उद्योगों पर वित्तीय बोझ कम होगा।

3. नई कलेक्शन व्यवस्था:
सर्विस चार्ज बिजली बिलों के माध्यम से Punjab State Power Corporation Limited द्वारा वसूले जाएंगे, जिससे पारदर्शिता और अनुपालन बेहतर होगा।




### अनअर्न्ड इंक्रीज क्लॉज पर स्पष्टता

लंबे समय से चली आ रही समस्या को हल करते हुए मंत्री ने स्पष्ट किया कि जहां टाइटल दस्तावेजों में यह क्लॉज मौजूद नहीं है, वहां कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा पारिवारिक ट्रांसफर, विरासत या मृत्यु के मामलों में भी यह लागू नहीं होगा जो प्लॉट पहले ही फ्रीहोल्ड में बदल चुके हैं, उन पर भी कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा उन्होंने कहा कि इससे उद्योगपतियों को अनावश्यक वित्तीय बोझ से राहत मिलेगी।

### लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड: प्रमुख फैसले

30 अप्रैल 2026 तक स्टांप ड्यूटी भी नहीं। मंत्री ने बताया कि नई नीति के तहत कन्वर्जन फीस केवल 5% रखी गई है। 30 अप्रैल 2026 तक कन्वर्जन कराने पर स्टांप ड्यूटी पूरी तरह माफ रहेगी। जहां अनअर्न्ड इंक्रीज क्लॉज लागू नहीं है, वहां शुल्क में छूट दी जाएगी। कई मामलों में बार-बार लगने वाले शुल्क को खत्म कर एकमुश्त फीस लागू की गई है और कई सेवाओं के वार्षिक नवीनीकरण शुल्क भी समाप्त कर दिए गए हैं। पुराने मामलों को निपटाने के लिए लंबित ट्रांसफर और कन्वर्जन केसों का समयबद्ध निपटारा किया जाएगा। प्रक्रिया को सरल बनाते हुए मॉर्गेज मामलों में केवल बैंक का पत्र ही पर्याप्त माना जाएगा।

### PSIEC में बड़े सुधार

**सरकार ने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के तहत बड़े कदम उठाए हैं :** सेवाओं को अनिवार्य और वैकल्पिक श्रेणियों में पुनर्वगीकृत किया गया 18 सेवाओं को अनिवार्य से वैकल्पिक किया गया नोटरी एफिडेविट की जगह सेल्फ-डिक्लेरेशन लागू किया गया मंजूरी प्रक्रिया तेज करने के लिए एस्टेट अधिकारियों को अधिक अधिकार दिए गए मंत्री ने कहा कि इससे अनुपालन का बोझ काफी कम होगा और फ्रीहोल्ड कन्वर्जन उद्योगों के लिए अधिक लाभकारी बनेगा।

### इंडस्ट्री के हाथ में प्रबंधन (SPV मॉडल)

औद्योगिक क्षेत्रों के संचालन और रखरखाव के लिए स्पेशल पर्पस व्हीकल (SPV) बनाए जाएंगे : सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1860 के तहत पंजीकृत उद्योगपतियों की अगुवाई में संचालन 7 सदस्यीय कार्यकारी समिति का गठन

### सरकार का विजन

मंत्री Sanjeev Arora ने कहा कि ये सुधार उद्योगों को सशक्त बनाने, नियमों के बोझ को कम करने और आधुनिक, पारदर्शी व आत्मनिर्भर औद्योगिक व्यवस्था बनाने की दिशा में बड़ा कदम हैं। पंजाब देश में सबसे प्रतिस्पर्धी और निवेशक-अनुकूल राज्य बनने के लिए प्रतिबद्ध है।

### फंड का उपयोग:

**90% फंड रखरखाव के लिए**
**10% फंड इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड के लिए**
**भविष्य के विकास के लिए अनिवार्य कॉर्पस फंड**

### जवाबदेही और निगरानी

**सरकार को SPV की ऑडिट और निगरानी का अधिकार होगा। जरूरत पड़ने पर गैर-प्रदर्शन करने वाले SPV को हटाया भी जा सकेगा, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।**

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, जीरकपुर में केस दर्ज

जीरकपुर/यूटर्न/31 अप्रैल। जीरकपुर की एक महिला योगा प्रशिक्षु ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता करिश्मा पठानिया (उम्र करीब 34 वर्ष), जो जीरकपुर के एक फ्लैट में रहती है और ऑनलाइन योगा क्लासेज देती है, ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसकी मुलाकात आरोपी निशान सिंह चाहल से 6 सितंबर 2025 को एक राइड बुकिंग के दौरान हुई थी। आरोपी उसे जीरकपुर से शिमला छोड़ने गया था। इसी दौरान महिला का कुछ सामान उसकी कार में रह गया था, जिसे लेकर दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई।

### शिमला बुलाकर रचाई साजिश

पीड़िता के अनुसार, अक्टूबर 2025 में सामान के बहाने बातचीत आगे बढ़ी। 14 नवंबर 2025 को आरोपी ने फोन कर उसे शिमला बुलाया और कहा कि वह सेना में कैप्टन है और वहीं तैनात है। जब महिला शिमला पहुंची तो आरोपी ने उससे शादी करने की बात कही, जिस पर उसने विश्वास कर लिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके जीरकपुर स्थित फ्लैट में कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। दोनों की शादी 25 मार्च 2026 को तय हुई थी, लेकिन तय तारीख पर आरोपी शादी के लिए नहीं पहुंचा और संपर्क भी तोड़ दिया।

# कचरा अलग करो; नहीं तो भरना होगा जुर्माना, चार तरह से करनी होगी छंटाई, चंडीगढ़ में निगम का नियम लागू




चंडीगढ़/यूटर्न/31 अप्रैल। शहर में ठोस कचरा प्रबंधन को सुदृढ़ करने और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम ने बड़ा फैसला लिया है। अब सभी घरों, दुकानों और संस्थानों के लिए 4-बिन कचरा पृथक्करण प्रणाली अपनाना अनिवार्य कर दिया गया है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त चालान किए जाएंगे। यह निर्णय नगर निगम आयुक्त अमित कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। नगर निगम का कहना है कि इस व्यवस्था से कचरा संग्रहण प्रक्रिया सुव्यवस्थित होगी, रीसाइक्लिंग को बढ़ावा मिलेगा और लैंडफिल पर बोझ कम होगा।
साथ ही यह पहल शहर को स्वच्छ, हरित और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाने में मदद करेगी। सभी नागरिकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और शहर को साफ-सुथरा रखने में सहयोग दें।

### जल्द शुरू होंगे चेकिंग अभियान

नगर निगम जल्द ही शहर के सभी सेक्टरों में सघन जांच अभियान चलाएगा। इस दौरान यदि कोई घर, दुकानदार या संस्थान कचरा अलग-अलग नहीं करता या नियमों का पालन नहीं करता पाया गया तो उसके खिलाफ जुर्माना लगाया जाएगा।

### चार अलग-अलग डिब्बों में करना होगा कचरा अलग

- **हरा डिब्बा:** गीला कचरा जैसे रसोई का कचरा
- **नीला डिब्बा:** सूखा कचरा जैसे कागज, प्लास्टिक, धातु
- **काला डिब्बा:** घरेलू खतरनाक कचरा
- **लाल डिब्बा:** बायोमेडिकल व सैनिटरी कचरा जैसे मास्क, ग्लव्स, पट्टियां, एक्सपायर्ड दवा।





RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS


## गुस्ताखी माफ

छोटी-छोटी ही सही, रहा छलांगें मार।
हो जायेगा शीघ्र ही, रुपया सौ के पार।
रुपया सौ के पार, फि क्र मत करिए भैया।
चंचल ही बस नहीं, चतुर भी बड़ा रुपैया।
कह साहिल कविराय, करा दो इसकी हल्दी।
पचानवे हो चुका, करेगा सौ भी जल्दी।



\- डॉ. राजेन्द्र साहिल


VOL: 11 | ISSUE 78 | WEDNESDAY 01-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


# लालच में दोनों गए माया मिली ना राम, दयानंद अस्पताल में बिल के एवज में डेड बॉडी को रोके रखने के मामले में साख हुई खराब

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/31 अप्रैल। पिछले दिनों दयानंद मेडिकल कॉलेज है अस्पताल में एक मरीज की मृत्यु के बाद बकाया बिल को लेकर 32 घंटे उसकी डेड बॉडी को रोक रखा गया हालांकि पंजाब राज्य मानव अधिकार कमिशन ने पहले ही कह रखा है कि बिलों के बदले में मृतक ब्रिज की डेड बॉडी को रोक नहीं रखा जा सकता परंतु 25 दिसंबर को जोशी नगर निवासी अमर जोशी जो लिवर ट्रांसप्लांट करने दियां अस्पताल आया था उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई इसी बीच बकाया बिल के चलते अस्पताल द्वारा मरीज का शव 15 घंटे रोके रखा गया बाद में मानवाधिकार आयोग के हस्तक्षेप से अस्पताल को डेड बॉडी रिलीज करनी पड़ी और साथ ही साथ बिल भी कथित तौर पर माफ कर दिया गया परंतु कुछ दिनों बाद अस्पताल द्वारा मृतक मरीज के पुत्र को 547950 का नोटिस भेज दिया गया और इसकी वसूली 18% जीएसटी के साथ करने को कहा गया एक बार फिर मृतक मरीज के परिजन मानवाधिकार आयोग की शरण में पहुंच गए हैं आयोग के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह शंटी ने इस मामले पर कड़ा रुख अपनाते हुए अस्पताल प्रबंधन को जवाब तलबी के लिए आयोग में तलब कर लिया।




## प्लॉट बेचकर जमा कर आए थे पैसे, अस्पताल से थी बहुत उम्मीद

मृतक मरीज के परिजनों का कहना है कि उन्होंने अपना एक प्लॉट बेचकर अस्पताल में पैसे जमा कराए थे और उन्हें अस्पताल से काफी उम्मीद थी उनके साथ 17 लाख का पैकेज तय हुआ था परंतु उपचार के तीसरे दिन ही मरीज की मौत हो गई अस्पताल द्वारा न सिर्फ मेरे तक मरीज की डेड बॉडी को रोका गया बल्कि लिवर ट्रांसप्लांट के लिए लिवर डोनेट करने वाली मरीज की पत्नी को भी बिना पैसे लिए डिस्चार्ज नहीं किया गया और उन्हें डिस्चार्ज करने के लिए अस्पताल में एक लाख रुपया उधार पकड़कर जमा करना पड़ा।

परिवार द्वारा पंजाब राज्य मानवाधिकार आयोग में लगाए गए आरोपों के अनुसार डीएमसी ने पहले शव रोका, जिसे मानवाधिकार आयोग के हस्तक्षेप से रिलीज किया गया और साथ ही साथ बिल माफ करने की घोषणा कर दी गई अब वसूली को नोटिस थमा दिया है उन्होंने कहा कि मृतक मरीज के उपचार के लिए घर-परिवार की जमा पूंजी और कर्ज सब कुछ दांव पर लगाने के बाद भी परिवार को मृतक मरीज का शव भी समय पर नहीं मिला, परिजनों का कहना है कि इलाज से पहले डीएमसी प्रबंधन की ओर से यह भरोसा दिया गया था कि लिवर ट्रांसप्लांट का ऑपरेशन सफल रहेगा, लेकिन ऑपरेशन के बाद मरीज की तबीयत खराब होनी शुरू हो गई। आपरेशन के तीन दिन बाद अमर की मौत हो गई। उन्हें भारी आर्थिक और मानसिक नुकसान हुआ है उल्लेखनीय है कि पंजाब राज्य मानवाधिकार आयोग ने 6 दिसंबर को किसी भी अस्पताल में मरीज की मृत्यु होने पर बकाया बिल के एवज में मृतक मरीज की डेड बॉडी ना रोकने के लिए एडवाइजरी जारी की थी परंतु अस्पताल द्वारा इसे भी अनदेखा कर दिया गया।

## केस नंबर २

मार्च के आखिरी सप्ताह दयानंद अस्पताल में एक और मामला सामने आ गया इसमें 116000 रुपए के बल के बदले मृतक ब्रिज की डेड बॉडी को 32 घंटे तक रो के रखा गया इसमें अंबेडकर कॉलोनी निवासी गगनदीप 31 का डीएमसी अस्पताल में किडनी की बीमारी का इलाज चल रहा था शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई बकाया बिल का भुगतान न होने के कारण देना अस्पताल द्वारा फिर से वही हथकंडा बनाया गया परंतु एक बार फिर यह मामला पंजाब राज्य मानवाधिकार आयोग के संज्ञान में आया तो उन्होंने अपनी टीम दयानंद अस्पताल भेज दी और डेड बॉडी को रिलीज कराया दोनों मामलों के सामने आने के बाद अस्पताल प्रशासन की खूब किरकिरी हुई यानी लालच में पैसे भी गए और इज्जत भी।

## अस्पताल में वीआईपी मरीजों को मिलती है छूट

एक और अस्पताल मृतक मरीजों की डेड बॉडी को रोककर पैसे मांगता दिखाई दे रहा है दूसरी और किसी वीआईपी मरीज के आगमन पर अस्पताल उसका सहज ही मुफ्त में उपचार करने को तैयार हो जाता है कर उसे टोकन ऑफ रिस्पेक्ट के नाम पर पैसे नहीं लिए जाते परंतु वही इज्जत अस्पताल आम मरीजों को नहीं देता और बिना पैसे दिए अगर किसी मरीज की मृत्यु हो जाए तो अस्पताल द्वारा निर्देशित कर्मचारी मरीज की डेड बॉडी पर ही कब्जा किए बैठे रहते हैं और पैसे की मांग करते रहते हैं इसका ही कारण यह भी बताया जाता है कि अस्पताल द्वारा डॉक्टर के टारगेट फिक्स किए हुए हैं ऐसे में डॉक्टर को भी लगता है कि कहीं उसको टारगेट स्लिप ना कर जाए और वह भी बिलों का भुगतान करने के लिए सभी हथकंडे अपनाने को मजबूर दिखाई देता है।

## वेहले रिटायर्ड डॉक्टर डालते हैं पंगे

अस्पताल की मैनेजमेंट द्वारा डॉक्टर अजीत सूद जैसे वरिष्ठ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के डॉक्टर को छोड़कर जो अस्पताल को काफी रेवेन्यू कमा कर देते हैं के अलावा चापलूसी के आधार पर कुछ अन्य डॉक्टरों को भी सेवानिवृत्ति के बाद दोबारा नौकरी पर रख लिया है ऐसे में इन डॉक्टरों को यह लगने लगा है की अस्पताल उनके बिना चल नहीं सकता और अपने काम पर ध्यान देने की बजाय वह अस्पताल में राजनीति को बढ़ावा दे रहे दिखाई देते हैं इन बुजुर्ग डॉक्टर में हार्ट सेंटर का एक डॉक्टर अपने मरीज को कम टाइम देता है बल्कि अस्पताल की मैनेजिंग समिति के सदस्यों की चापलूसी करने में अधिक समय लगा रहा है वहीं दूसरी और दयानंद अस्पताल का एक डॉक्टर रिटायरमेंट के बाद दोबारा नौकरी पर रखे जाने के बाद काफी रोमांटिक हो गया बताया जाता है ऐसे चापलूस और बढ़बोले डॉक्टरो के कारण ही अस्पताल की साख खराब हो रही है बताया जाता है कि मृतक मरीजों के बिल न आने पर डेड बॉडी को रोक कर रखने की सलाह दी ऐसे ही डॉक्टरों ने दी थी बताई जाती है

## स्ट्रांग मैनेजमेंट, कमजोर नीतिया

दयानंद मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल की मैनेजमेंट काफी स्ट्रांग बताई जाती है अस्पताल की मैनेजमेंट में राज्य व देश के अग्रणी इंडस्ट्रियलिस्ट और बिजनेसमैन शामिल है परंतु नीतियां बनाने वालों ने अस्पताल की साख को ताक पर रखकर नीतियां बनाई लगती है जिसके कारण छोटी-छोटी बातों के लिए अस्पताल की बदनामी हो जाती है एक और अस्पताल वीआईपी मरीजों से पैसे नहीं लेता इनमें प्रशासनिक व अन्य अधिकारी तथा नेता शामिल बताए जाते हैं।

# ईरान-इजराइल युद्ध में तेजी, हालात बेहद गंभीर



चंड़ीगढ़/यूटर्न/31 अप्रैल। मध्य-पूर्व में ईरान और इजराइल के बीच जारी युद्ध अब और अधिक खतरनाक मोड़ ले चुका है। ताजा जानकारी के अनुसार, इजराइल ने साफ कर दिया है कि वह आने वाले कई हफ्तों तक ईरान पर सैन्य कार्रवाई जारी रख सकता है, जिससे यह संकेत मिल रहे हैं कि यह संघर्ष लंबा खिंच सकता है।

वहीं दूसरी ओर, ईरान ने भी सख्त रुख अपनाते हुए जासूसी या दुश्मन देशों की मदद करने वालों के लिए मौत की सजा तक का ऐलान कर दिया है। हालात इतने तनावपूर्ण हैं कि सैकड़ों लोगों की गिरफ्तारी की खबरें सामने आई हैं। युद्ध अब क्षेत्रीय स्तर से बढ़कर अंतरराष्ट्रीय संकट का रूप ले चुका है। खाड़ी क्षेत्र में भी हमले तेज हो गए हैं, हाल ही में दुबई पोर्ट पर एक तेल टैंकर पर ड्रोन हमला हुआ, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका और इजराइल ने मिलकर हजारों हवाई हमले किए हैं, जिनमें ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जल्द कूटनीतिक समाधान नहीं निकला, तो यह युद्ध पूरे मध्य-पूर्व को अस्थिर कर सकता है और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी गहरा असर डाल सकता है।

# प्रदर्शन से जाम हुआ प्रताप चौकः डंपिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी व 1140 करोड़ के टेंडर के विरोध में सड़कों पर उतरे कर्मचारी, मंत्री के एक्शन से खुला रास्ता







लुधियाना, यूटर्न, 31 मार्च। शहर के प्रमुख इंडस्ट्रियल इलाके प्रताप चौक में मंगलवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब न्यू बाल्मीकि एकता संघ के सदस्यों ने सड़क पर कूड़ा फेंककर जाम लगा दिया। अचानक बने हालात के कारण इलाके में भारी ट्रैफिक जाम लग गया और आम लोगों को करीब 2 से 3 घंटे तक परेशानी झेलनी पड़ी। प्रदर्शनकारियों ने पंजाब सरकार द्वारा कूड़ा कलेक्शन के लिए जारी 1140 करोड़ रुपये के टेंडर का विरोध किया। उनका कहना था कि इस फैसले से करीब 25 हजार परिवारों की रोजी-रोटी प्रभावित होगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भविष्य में शहरवासियों को कूड़ा उठाने के लिए 100 रुपये की जगह 600 रुपये मासिक शुल्क देना पड़ सकता है। प्रदर्शनकारियों के अनुसार, डंपिंग साइट्स पर खराब मशीनरी और अपर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण जहां पहले कूड़ा फेंकने में 10 से 20 मिनट लगते थे, अब वही काम 4 से 6 घंटे में पूरा हो रहा है। इससे सफाई कर्मचारियों, खासकर महिला कर्मचारियों का पूरा दिन प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने बताया कि कूड़ा उठाने वाली ठेकेदार कंपनी 'प्यारा एंड संस' के ड्राइवर पिछले तीन दिनों से हड़ताल पर थे, जिसके चलते शहर में कूड़े की लिफ्टिंग प्रभावित हुई। ऐसे में शहरवासियों का गुस्सा सफाई कर्मचारियों पर निकल रहा था, जबकि उनकी कोई गलती नहीं थी। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय निकाय मंत्री Sanjeev Arora ने निगम अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद निगम टीम ने जेसीबी मशीनों की मदद से सड़क पर फैला कूड़ा हटवाया और ट्रैफिक को सुचारु किया।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे संघ के प्रधान ओमपाल चेनलिया, प्रमोद गहलोत और चेयरमैन सोनू अटवाल ने बताया कि ताजपुर रोड स्थित डंपिंग साइट पर पर्याप्त सड़क और सुरक्षा व्यवस्था नहीं है, जिससे ड्राइवरों को हादसों का खतरा बना रहता है। कई बार वाहन पलटने जैसी घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी के करीब 75 ड्राइवर इन खतरनाक परिस्थितियों के कारण महीने में 4 से 5 बार हड़ताल पर चले जाते हैं, जिसका खामियाजा निगम के सफाई कर्मचारियों को भुगतना पड़ता है। संघ के अनुसार, एक सफाई कर्मचारी को डोर-टू-डोर कूड़ा इकट्ठा करने में लगभग 4 घंटे लगते हैं, लेकिन डंपिंग साइट पर खराब व्यवस्था के कारण कूड़ा खाली करने में 6 से 8 घंटे तक लग जाते हैं। इससे कर्मचारियों का समय और श्रम प्रभावित हो रहा है, वहीं महिला कर्मचारियों का पारिवारिक समय भी प्रभावित हो रहा है।

## सरस्वती विहार के सुभाष चंद समेत कई लोग आप में शामिल, पार्टी को मिली मजबूती



डेराबस्सी/यूटर्न/31 अप्रैल। डेराबस्सी के सरस्वती विहार निवासी सुभाष चंद अपने साथियों सहित आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। गांव बाकरपुर स्थित रंधावा फार्म में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपने भाई जतिंदर कुमार, लखन सिंह राणा व अन्य सहयोगियों के साथ हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा की अगुवाई में पार्टी का दामन थामा। इस मौके पर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की जनहित नीतियों, पारदर्शी कार्यशैली और विकासमुखी सोच के कारण हर वर्ग के लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि डेराबस्सी हलके में पिछले समय के दौरान सड़कों, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में बड़े स्तर पर विकास कार्य किए गए हैं और यह प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी।


## पढ़ाई और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



लुधियाना/यूटर्न/31 अप्रैल। गवर्नमेंट हाई स्कूल बाडेवाल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बड़े उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला प्लानिंग बोर्ड के चेयरमैन एवं आम आदमी पार्टी के शहरी प्रधान जतिंदर खंगुडा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि आप शिक्षा सुधार कमेटी की इंचार्ज श्रीमती निक्की कोहली भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के मुख्य अध्यापक सरदार रविंदर सिंह द्वारा मुख्य अतिथियों के स्वागत से हुई। उन्होंने स्कूल के विकास में मिल रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। श्रीमती निक्की कोहली ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनकी उपलब्धियों की सराहना की और उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे सुधारों और योजनाओं की जानकारी भी दी।

## 2 अप्रैल को जनरल हाउस की बैठक, 93 करोड़ के विकास कार्यों पर लगेगी मुहरः मेयर पदमजीत सिंह मेहता

सोनू टुटेजा



बठिंडा, यूटर्न, 31 मार्च। शहर के विकास को नई गति देने के लिए 2 अप्रैल को नगर निगम के जनरल हाउस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होने जा रही है। यह जानकारी देते हुए मेयर श्री पदमजीत सिंह मेहता ने बताया कि इस बैठक में करीब 93 करोड़ रुपये के विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा करके उन्हें मंजूरी दी जाएगी। इस दौरान मेयर श्री मेहता के साथ कमिश्नर मैडम लवजीत कौर कल्सी, ज्वाइंट कमिश्नर श्री राकेश मीणा व सीनियर डिप्टी मेयर श्री शाम लाल जैन भी उपस्थित रहेंगे। मेयर श्री मेहता ने बताया कि शहर की सभी प्रमुख सड़कों पर प्रीमिक्स, इंटरलाकिंग टाइल्स बिछाने सहित कायाकल्प के लिए लगभग 44 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्ताव लाया जाएगा। इसके साथ ही बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए करीब 47 लाख रुपये की लागत से रोड जालियों की सफाई का प्रस्ताव भी पास किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि शहर के सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखते हुए रोज गार्डन में सिक्योरिटी रूम का निर्माण, इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने और नर्सरी के लिए पॉली हाउस स्थापित करने पर भी विचार किया जाएगा। इसके अलावा दादी-पोती पार्क की मरम्मत, शहर के सभी पार्कों में हॉर्टिकल्चर कार्य शुरू करने और सबमर्सिबल पंप लगाने की योजना पर भी चर्चा होगी। मेयर ने बताया कि बीबीवाला रोड पर बस क्यू शेल्टर, वार्ड नंबर 3 के कम्युनिटी सेंटर में शेड निर्माण, होमलैंड एन्क्लेव में सेंट्रल वर्ज ग्रिल लगाने और पावर हाउस रोड पर स्थित मच्छी चौक पर रोटरी निर्माण जैसे प्रस्ताव भी हाउस में रखे जाएंगे। सीवरेज समस्या के समाधान के लिए फेज-3 में नई सीवरेज पाइपलाइन परियोजना शुरू करने का प्रस्ताव भी बैठक में रखा जाएगा। वहीं शहर की सभी सड़कों की आधुनिक मशीनों से सफाई और धुलाई के लिए करीब 46 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भी पारित किया जाएगा। मेयर श्री पदमजीत सिंह मेहता ने कहा कि इन सभी परियोजनाओं के लागू होने से बठिंडा शहर में बुनियादी सुविधाओं में बड़ा सुधार होगा, जिससे बठिंडा निवासियों को बेहतर जीवन स्तर मिलेगा।

## यमुनानगर में पूर्व विधायक की फैक्ट्री के बाहर दो नकाबपोशों ने 8 राउंड गोलियां चलाईं



चंडीगढ़/यूटर्न/31 अप्रैल। यमुनानगर ज़िले में क्छछ्रक्के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह की पार्टिकल-बोर्ड फैक्ट्री के बाहर कथित तौर पर दो नकाबपोश लोगों ने आठ राउंड गोलियां चलाईं।

यह घटना रात करीब 10 बजे हुई, जिससे वहां मौजूद कर्मचारियों में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि हमलावर एक मोटरसाइकिल पर आए थे, उन्होंने अपने चेहरे ढके हुए थे और गोलीबारी करने के बाद वे वहां से फरार हो गए। CIA-I, CIA-II और जठलाना पुलिस स्टेशन की टीमों ने मामले की जांच की, और रढकमलदीप गोयल ने घटनास्थल का मुआयना किया।

पुलिस ने गोली के खाली खोखे बरामद कर लिए हैं और हमलावरों की पहचान करने के लिए CCTV फुटेज खंगाल रही है। जठलाना पुलिस स्टेशन के SHO अमित कुमार ने कहा, शुरूआती जांच से पता चलता है कि इस घटना के पीछे निजी रंजिश या किसी को डराना-धमकाना मकसद हो सकता है।




पेज 12 जीएचजी अकादमी जगराओं: अरदास...


## पंजाब राजभवन में राजस्थान-ओड़िशा स्थापना दिवस का भव्य आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/31 अप्रैल। चंडीगढ़ में सोमवार को राजस्थान और ओड़िशा स्थापना दिवस के अवसर पर पंजाब राज भवन में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान के कलाकारों ने घूमर, गणगौर गीत और कालबेलिया नृत्य जैसी पारंपरिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। राज्यपाल के साथ उनकी धर्मपत्नी अनीता कटारिया भी मौजूद रहीं और कलाकारों की प्रस्तुतियों की



प्रशंसा की।

अपने संबोधन में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि भारत की पहचान उसकी सांस्कृतिक विविधता में निहित है और ऐसे आयोजन विभिन्न राज्यों की परंपराओं को एक मंच पर लाकर राष्ट्रीय एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ जैसे शहर में विभिन्न प्रदेशों के लोग मिल-जुलकर रहते हैं और इस तरह के कार्यक्रम सामाजिक समरसता और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर डीसी निशांत यादव, डीजीपी सागर प्रीत हूडा, मनदीप बराड, पूर्व सांसद सत्यपाल जैन, पूर्व मेयर हरप्रीत कौर बबला सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान परिवार सेवा संस्था द्वारा किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में राजस्थान और ओड़िशा मूल के लोगों ने भाग लिया। राजस्थान परिवार सेवा संस्था के संस्थापक पवन शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को राजस्थानी पगड़ी पहनाकर और तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक विरासत, एकता और भाईचारे का संदेश गूंजता रहा। यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि शहर में विभिन्न राज्यों के लोगों के बीच आपसी जुड़ाव और सौहार्द का प्रतीक भी बना।

## चंडीगढ़ पुलिस का हवलदार रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार, CBI की ट्रैप कार्रवाई

चंडीगढ़/यूटर्न/31 अप्रैल। चंडीगढ़ पुलिस के एक हवलदार को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किए जाने से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन (सीबीआई) ने सेक्टर-26 थाना क्षेत्र के बीट इंचार्ज हवलदार सुनील यादव को ट्रैप लगाकर पकड़ा। जानकारी के अनुसार, हवलदार सुनील यादव पर सेक्टर-26 सब्जी मंडी में अवैध रेहड़ी-फड़ी लगाने वालों से नियमित वसूली करने के आरोप थे। इस संबंध में सीबीआई को पहले ही शिकायत मिल चुकी थी, जिसके बाद एजेंसी ने योजना बनाकर ट्रैप बिछाया। सीबीआई टीम ने आरोपी को मंडी के पास वॉशरूम के नजदीक उस समय गिरफ्तार किया, जब वह कथित तौर पर रिश्वत की रकम ले रहा था। गिरफ्तारी के तुरंत बाद टीम उसे अपने साथ ले गई। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार, मामले में अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है और वसूली के पूरे नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है।





# जीएचजी अकादमी जगराओं : अरदास और भजनों के साथ नए शैक्षणिक सत्र का भव्य आगाज






-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/31/मार्च। नई उम्मीदें, नए संकल्प और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ जी.एच.जी. अकादमी, जगराओं में शैक्षणिक सत्र 2026-27 का विधिवत शुभारंभ हुआ। लंबी छुट्टियों के बाद स्कूल लौटे विद्यार्थियों के चेहरों पर एक अलग ही रौनक और उत्साह देखने को मिला। अपने पुराने साथियों और शिक्षकों से मिलकर स्कूल परिसर खिलखिला उठा। सहज पाठ का भोग और शब्द गायन से की गई सत्र की शुरूआत। पूरे वर्ष की सुख-समृद्धि और सफलता की कामना करते हुए सहज पाठ के भोग डाले गए। इस अवसर पर विद्यालय में एक भक्तिमय शब्द गायन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

विद्यालय के चारों हाउस के विद्यार्थियों ने इसमें पूरे जोश और श्रद्धा के साथ हिस्सा लिया। सुरीले भजनों और शब्द की गूंज से पूरा परिसर भक्ति के रंग में सराबोर हो गया।

**विद्यार्थियों को मिला सफलता का मंत्र...** स्कूल मैनेजमेंट के सरदार गुरमेल सिंह मल्ही और प्रिंसिपल रमनजोत कौर ग्रेवाल ने दीप प्रज्वलित कर बच्चों का स्वागत किया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा: नया सत्र केवल नई किताबों का नहीं, बल्कि नए लक्ष्यों और संभावनाओं का द्वार है। आधुनिक पाठ्यक्रम और नवीन शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है।

**सत्र 2026-27 की खास झलकियां:** आधुनिक शिक्षा: नए अपडेटेड सिलेबस और डिजिटल लर्निंग पर विशेष जोर।

**कौशल विकास:** पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों का तालमेल।

**लक्ष्य निर्धारण:** विद्यार्थियों को समय प्रबंधन और उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए विशेष मार्गदर्शन।

यह नया सत्र जी.एच.जी. अकादमी के विद्यार्थियों के लिए ज्ञान, उन्नति और नई उपलब्धियों की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

# अपहरण के बाद किशोर को जिंदा जलाने की कोशिश, हालत गंभीर

डेराबस्सी/यूटर्न/31 अप्रैल। मुबारकपुर में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां चार अज्ञात युवकों ने 16 वर्षीय किशोर का अपहरण कर उसे जिंदा जलाने की कोशिश की। गंभीर रूप से झुलसे किशोर ने किसी तरह आरोपियों के चंगुल से भागकर अपनी जान बचाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, निखिल (16) पुत्र दीपक कुमार शाम करीब 3:30 बजे घर के बाहर निकला था। इसी दौरान चार युवकों ने उसे गली में घेर लिया और जबरन कोई नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया। होश आने पर वह खुद को एक अज्ञात स्थान पर पाया, जहां आरोपी उसे पकड़कर बैठे थे। आरोपियों के बीच बातचीत में यह बात सामने आई कि वे उसके हाथ-पैर काटकर उससे भीख मंगवाने की योजना बना रहे थे। जब निखिल ने विरोध किया और भागने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उस पर डीजल छिड़ककर आग लगा दी। आग की लपटों में घिरा निखिल किसी तरह शोर मचाते हुए वहां से भाग निकला और खुद ही आग बुझाई। इसके बाद वह सड़क तक पहुंचा और एक ऑटो चालक को रोककर अपनी आपबीती बताई। ऑटो चालक उसे करीब शाम 6:15 बजे उसके घर के पास छोड़ गया। गंभीर रूप से झुलसे निखिल को परिजन तुरंत डेराबस्सी सिविल अस्पताल ले गए, जहां से उसकी हालत को देखते हुए उसे पहले जीएमसीएच-32 चंडीगढ़ और बाद में पीजीआई रेफर कर दिया गया।



## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

# भारत में क्रिकेट का जुनून

भारत में क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि एक जज्बा है। यह देश की भावना, उत्साह और एकता का प्रतीक बन चुका है। बच्चा हो या बुजुर्ग, पुरुष हो या महिला क्रिकेट का जुनून हर किसी के सिर चढ़कर बोलता है। गली-गली में बच्चे बल्ला और गेंद लेकर खेलते नजर आते हैं, मानो हर कोई अगला विराट कोहली या रोहित शर्मा बनना चाहता हो। जब भारत का कोई मैच होता है, तो सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है और लोग टीवी स्क्रीन से चिपक जाते हैं। खासकर जब भारत और पाकिस्तान का मुकाबला होता है, तो पूरा देश मानो एकसाथ धड़कता है। व्व्छ जैसे टूर्नामेंट्स ने भी इस जुनून को और हवा दी है, जहाँ हर शहर अपनी टीम के लिए दिल से चीयर करता है। इसका प्रमाण तो हमें व्व्छ के महामुकाबले में भी देखने को मिला है। क्रिकेट ने भारत में न केवल मनोरंजन का माध्यम प्रदान किया है, बल्कि युवाओं के लिए करियर का नया रास्ता भी खोला है। सचिन तेंदुलकर, एमएस धोनी और कोहली जैसे खिलाड़ियों ने लाखों दिलों को प्रेरित किया है। क्रिकेट भारत के दिल की धड़कन बन चुका है, और आने वाले समय में इसका जुनून और भी बढ़ता जाएगा।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Adverse Possession क्या है? क्या लंबे कब्जे से मालिकाना हक मिल सकता है?**

कानून में एक ऐसा सिद्धांत है जो आम व्यक्ति को अजीब लग सकता है—Adverse Possession. इसके अनुसार, यदि कोई व्यक्ति किसी संपत्ति पर लंबे समय तक खुले और निरंतर कब्जे में रहता है, और वास्तविक मालिक उस पर आपत्ति नहीं करता, तो कुछ परिस्थितियों में कब्जाधारी अधिकार का दावा कर सकता है। यह सिद्धांत 'कब्जा ही अधिकार बन जाता है' के रूप में समझा जाता है, लेकिन इसकी शर्तें काफी कठोर हैं। कब्जा—

- खुला (open) होना चाहिए, छिपा हुआ नहीं
- निरंतर (continuous) होना चाहिए
- मालिक के अधिकार के विरुद्ध (hostile) होना चाहिए
- एक निश्चित समय अवधि (limitation period) तक बना रहना चाहिए

सिर्फ किसी की जमीन पर रहना या देखभाल करना Adverse Possession नहीं बनता। कब्जा स्पष्ट रूप से मालिक के अधिकार को चुनौती देने वाला होना चाहिए। यह सिद्धांत इसलिए है ताकि लोग अपनी संपत्ति के अधिकारों के प्रति सजग रहें। यदि मालिक लंबे समय तक अपने अधिकार का उपयोग नहीं करता, तो कानून कुछ परिस्थितियों में कब्जाधारी के पक्ष में जा सकता है।

निष्कर्ष: Adverse Possession अपवादात्मक सिद्धांत है, सामान्य नियम नहीं। यह अधिकार तभी बनता है, जब कब्जा स्पष्ट, निरंतर और कानूनी शर्तों के अनुरूप हो। संपत्ति के अधिकार की रक्षा के लिए सतर्क रहना आवश्यक है।

# गुलाबगढ़ रोड पर ट्रेडर्स कमीशन की बैठक, व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश

## विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

डेराबस्सी,/यूटर्न/31 अप्रैल। डेराबस्सी के गुलाबगढ़ रोड पर मंगलवार को पंजाब ट्रेडर्स कमीशन की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना गया। बैठक की अध्यक्षता हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा और जिला ट्रेडर्स कमीशन मोहाली के वाइस चेयरमैन तरलोचन सिंह बैदवान ने की। बैठक में डेराबस्सी ट्रेडर्स कमीशन के चेयरमैन अजय कुमार, नायब तहसीलदार हरमन, बिजली बोर्ड के एसडीओ गुरजिंदर सिंह व सहायक एसडीओ हरविंदर सिंह, सिविल अस्पताल के डॉ. आशीष गर्ग, एएफएसओ परमिंदर सिंह, जेई एमसी कमलजीत सिंह, पुलिस चौकी मुबारकपुर से सब इंस्पेक्टर जीएस गुराया, जीएसटी विभाग से इंस्पेक्टर ज्योति तथा मेन बाजार समिति के प्रधान महेंद्रपाल समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

इस दौरान व्यापारियों ने अपनी समस्याएं लिखित रूप में ट्रेडर्स कमीशन के समक्ष रखीं। जिस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए गए।





विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि पंजाब सरकार व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यापारियों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए।

बैठक के अंत में व्यापारियों ने पंजाब सरकार और विधायक का धन्यवाद करते हुए कहा कि ट्रेडर्स कमीशन की स्थापना उनके लिए बड़ी राहत लेकर आई है, जिससे अब उनकी समस्याओं का समय पर समाधान संभव हो पा रहा है।

# लुधियाना में ब्लॉक कांग्रेस प्रधान की हत्या, मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर ट्रैफिक जाम



लुधियाना/यूटर्न/31 मार्च। लुधियाना के कुमकलां थाना क्षेत्र के तखरां गांव में माछीवाड़ा ब्लॉक के कांग्रेस प्रधान परमिंदर तिवारी की हत्या के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने अब तक चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है , जबकि मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

पुलिस ने जय सिंह, उसके बेटे रवि कुमार, अमरीश और गांव के सुनील को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरा बेटा अजय कुमार फरार है। यह एफआईआर परमिंदर तिवारी के भतीजे शनि शर्मा की शिकायत पर दर्ज की गई। शिकायत के अनुसार, तिवारी अपनी बिल्डिंग के बाहर बैठे थे, तभी आरोपियों ने उन पर कुल्हाड़ी से हमला कर उनकी हत्या कर दी।

इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने माछीवाड़ा रोड पर धरना देकर चक्का जाम कर दिया है। प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। परिवार का कहना है कि जब तक मुख्य आरोपी गिरफ्तार नहीं होता, वे पोस्टमार्टम नहीं करवाएंगे। वहीं तिवारी का शव फोर्टिस अस्पताल की मॉर्चरी में रखा हुआ है। पुलिस की जांच पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि पहले मुख्य आरोपी का नाम विजय कुमार बताया गया था, जबकि एफआईआर में अजय कुमार दर्ज है।

# मनाली गए लुधियाना के युवक की मौत, दोस्तों पर हत्या का आरोप



लुधियाना/यूटर्न/31 मार्च। लुधियाना के मुंडियां कलां स्थित जशन सिटी जी.टी.बी. नगर में उस समय शोक की लहर दौड़ गई, जब 36 वर्षीय मनदीप शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मनदीप अपने दो दोस्तों अजय शर्मा और रोहित वर्मा के साथ 28 मार्च को काम के सिलसिले में मनाली गया था।

वह एक निजी कंपनी में सर्विस एडवाइजर के रूप में कार्यरत था और गाड़ी से जुड़े किसी लेन-देन के लिए यात्रा पर निकला था। परिजनों के अनुसार, शनिवार तक सब कुछ सामान्य था, लेकिन रविवार शाम से मनदीप का संपर्क टूट गया। जब परिवार ने बार-बार संपर्क करने की कोशिश की, तो दोस्तों ने फोन नहीं उठाया। काफी देर बाद वीडियो कॉल के दौरान दोस्तों ने मनदीप को सोता हुआ बताया, लेकिन बाद में सामने आया कि उसकी हालत गंभीर थी। प्राथमिक जांच में खुलासा हुआ है कि मनाली में किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ कार टक्कर को लेकर विवाद हुआ था, जो मारपीट में बदल गया। आरोप है कि इस झगड़े में मनदीप को गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। परिवार का कहना है कि दोस्तों ने समय पर उसे अस्पताल नहीं पहुंचाया, जिससे उसकी हालत बिगड़ती चली गई। बाद में उसे मंडी के एक डॉक्टर के पास ले जाया गया और फिर लुधियाना के फोर्टिस अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर दोनों दोस्तों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# FICCI FLO लुधियाना चैप्टर को मिला राष्ट्रीय सम्मान, महिला नेतृत्व को नई पहचान








लुधियाना/यूटर्न/31 अप्रैल। FICCI FLO के 42वें वार्षिक सत्र में FICCI FLO लुधियाना चैप्टर को "Leadership in Dialogue & Policy Engagement" के प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया। यह उपलब्धि चेयरपर्सन श्वेता जिंदल के नेतृत्व में चैप्टर द्वारा किए गए प्रभावशाली कार्यों और नीतिगत संवाद में सक्रिय भागीदारी को दर्शाती है।

श्वेता जिंदल की गतिशील अगुवाई में लुधियाना चैप्टर ने महिला उद्यमियों और प्रोफेशनल्स को सशक्त बनाने के लिए सार्थक चर्चाओं, सहयोग और नीति-आधारित पहलों को बढ़ावा दिया है। यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि चैप्टर ने क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं की आवाज को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाई है।

इस उपलब्धि पर आभार व्यक्त करते हुए श्वेता जिंदल ने कहा कि यह सम्मान FLO लुधियाना के हर सदस्य का है, जो एक साझा उद्देश्य के साथ महिलाओं के लिए अवसर और नेतृत्व के नए आयाम तैयार कर रहे हैं। यह वार्षिक सत्र देशभर से आए प्रतिष्ठित नेताओं, उद्योग जगत के विशेषज्ञों और विजनरी व्यक्तित्वों का संगम बना, जहां FLO चैप्टर्स के उत्कृष्ट कार्यों का उत्सव मनाया गया।

## गैस की कमी भी नहीं रोक पाई उद्योग, पराली से चल रही लुधियाना की फैक्ट्रियां

लुधियाना/यूटर्न/31 मार्च। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण LPG गैस सिलेंडर की सप्लाई प्रभावित हो रही है, लेकिन लुधियाना की डाइंग इंडस्ट्री ने इसका प्रभावी



समाधान खोज लिया है। यहां के उद्योगपति अब LPG के बजाय एग्रो वेस्ट फ्यूल जैसे पराली और राइस हस्क का इस्तेमाल कर रहे हैं। खास बात यह है कि कुछ साल पहले प्रदूषण के चलते उद्योगों पर LPG अपनाने का दबाव था, लेकिन स्थानीय उद्यमियों ने वैकल्पिक ईंधन के रूप में एग्रो वेस्ट को चुन लिया। लुधियाना में 400 से अधिक डाइंग यूनिट्स हैं, जिनमें से करीब 100 यूनिट्स एग्रो वेस्ट फ्यूल का उपयोग कर रही हैं। इससे गैस की कमी के बावजूद उत्पादन पर कोई खास असर नहीं पड़ा है। साथ ही, खेतों में पराली जलाने की समस्या को भी काफी हद तक कम करने में मदद मिली है। पंजाब डाइंग एसोसिएशन के सदस्य विशाल जैन के अनुसार, समय रहते ईंधन का विकल्प अपनाना उद्योग के लिए फायदेमंद साबित हुआ। कारोबारी कमल चौहान ने इसे पर्यावरण और उद्योग दोनों के लिए लाभकारी बताया। वहीं सुभाष सैनी का मानना है कि यह मॉडल लंबे समय के लिए टिकाऊ समाधान है। यह पहल न सिर्फ उद्योग को मजबूती दे रही है, बल्कि किसानों के लिए भी पराली का बेहतर उपयोग सुनिश्चित कर रही है, जिससे प्रदूषण कम हो रहा है।

## पर्ल्स घोटाले में बड़ा फैसला, अब प्रॉपर्टी बेचकर मिलेगा निवेशकों का पैसा




लुधियाना/यूटर्न/31 मार्च। एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ईडी) को PACL (पर्ल्स ग्रुप) घोटाले में बड़ी सफलता मिली है। ढछअ स्पेशल कोर्ट ने 30 मार्च को 455 अचल संपत्तियों को जस्टिस आर.एम. लोढ़ा समिति को सौंपने का आदेश दिया है। इन संपत्तियों की कुल बाजार कीमत करीब 15,582 करोड़ रुपये है। इस फैसले से लाखों निवेशकों को उनका पैसा वापस मिलने की उम्मीद जगी है। ईडी के अनुसार, चालू वित्तीय वर्ष में ढअउछ मामले में कुल 27,030 करोड़ रुपये की संपत्तियां अटैच की जा चुकी हैं, जिनमें भारत के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया में स्थित संपत्तियां भी शामिल हैं। अब लोढ़ा कमेटी इन संपत्तियों को बेचकर निवेशकों को पैसा लौटाएगी। जैसे-जैसे कोर्ट संपत्तियां कमेटी को सौंपेगा, वैसे-वैसे रिफंड की प्रक्रिया तेज होती जाएगी। गौरतलब है कि ढअउछ लिमिटेड ने 1990 के दशक के अंत से 2014 तक अवैध पोंजी स्कीम चलाई। कंपनी ने कृषि भूमि खरीदने और विकसित करने के नाम पर लोगों से पैसा जमा करवाया, लेकिन ज्यादातर मामलों में न तो जमीन दी गई और न ही पैसा लौटाया गया। इस घोटाले में 4800 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी सामने आई।सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन (सीबीआई) ने 2014 में मामला दर्ज किया था, जबकि 2016 में सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया ने जस्टिस लोढ़ा कमेटी के गठन का आदेश दिया। जांच में सामने आया कि ठगी की रकम से भंगू परिवार और सहयोगियों ने कई संपत्तियां खरीदीं। अब ईडी ने निवेशकों से अपील की है कि वे लोढ़ा कमेटी या सेबी पोर्टल पर अपना क्लेम जल्द दर्ज कराएं, ताकि उन्हें रिफंड मिल सके। यह कदम लाखों पीड़ितों के लिए बड़ी राहत साबित हो सकता है।

# 48 घंटे में लूट का खुलासा: चंडीगढ़ पुलिस ने शातिर आरोपी दबोचा, चाकू व बाइक बरामद

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/31 अप्रैल। चंडीगढ़ पुलिस ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए 48 घंटे के भीतर एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल, एक कमानीदार चाकू और पीड़ित का आधार कार्ड बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान मौलिजागरां निवासी दीपक उर्फ लल्ला के रूप में हुई है। कार्रवाई महिला एसएसपी यूटी कंवरदीप कौर के निदेशों, एसपी सिटी के मार्गदर्शन और एसडीपीओ साउथ की निगरानी में सेक्टर-31 थाना पुलिस की टीम ने की।



**दिनदहाड़े सब्जी विक्रेता को बनाया निशाना...**मामला 30 मार्च को दर्ज एफआईआर के तहत सामने आया। शिकायतकर्ता महेंद्र साह (38), जो रामदरबार फेज-2 में सब्जी बेचते हैं, ने बताया कि 29 मार्च को करीब 11:15 बजे एक युवक हेलमेट पहनकर उनके पास आया। आरोपी ने चाकू दिखाकर धमकाया और गले से चांदी की चेन तोड़ ली। इसके साथ ही जेब से 200-300 रुपये नकद और आधार कार्ड छीनकर फरार हो गया। जाते समय आरोपी ने दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच के दौरान आरोपी को 31 मार्च को गिरफ्तार कर लिया। उसे अदालत में पेश कर एक दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है, ताकि आगे की पूछताछ में और खुलासे हो सकें। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी दीपक उर्फ लल्ला पर पहले से चार आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें लूट और हत्या जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सेक्टर 49 थाना पुलिस ने वाहन चोरी मामले में आरोपी को दबोचा, चोरी का एक्टिवा बरामद

चंडीगढ़/यूटर्न/31 अप्रैल। चंडीगढ़ पुलिस ने वाहन चोरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की सफेद होंडा एक्टिवा बरामद की है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहाली निवासी लक्ष्मण मुंडा के रूप में हुई है। यह कार्रवाई एसएसपी यूटी कंवरदीप कौर के निदेशों, एसपी सिटी के मार्गदर्शन और एसडीपीओ साउथ की निगरानी में सेक्टर-49 थाना पुलिस की टीम ने की।



**नाके पर चेकिंग के दौरान पकड़ा गया**

मामले के अनुसार 30 मार्च की रात सेक्टर-50/51 के पास बुरैल जेल रोड पर पुलिस टीम नाका लगाकर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक युवक बिना हेलमेट सफेद एक्टिवा पर आता दिखा। पुलिस को देखकर वह अचानक मुड़ने लगा, जिससे उसकी गाड़ी बंद हो गई।

पुलिस टीम ने तुरंत पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में वह वाहन के कागजात नहीं दिखा सका।

**जांच में निकली चोरी की गाड़ी**

ई-चालान मशीन से जांच करने पर पता चला कि एक्टिवा (PB12S-4452) रुपनगर निवासी राज कुमार के नाम पर रजिस्टर्ड है। वाहन मालिक से संपर्क करने पर उसने बताया कि उसकी एक्टिवा सितंबर 2024 में सेक्टर-40ए से चोरी हो गई थी, जिसकी शिकायत पहले ही दर्ज है।

**आगे की जांच जारी**

पुलिस ने बरामद वाहन को कब्जे में लेकर मलकाना में जमा करवा दिया है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शहर में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

# अनप्लग टू रिकनेक्ट पहल की शुरूआत: हर रविवार 4 घंटे डिजिटल डिटॉक्स की अपील

चंडीगढ़/यूटर्न/31 अप्रैल। चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी ने शहरवासियों के मानसिक स्वास्थ्य और पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से 'संडे : उनप्लग टू रिकनेक्ट' नामक नई पहल की शुरूआत की है। इसके तहत लोगों से हर रविवार मोबाइल और डिजिटल उपकरणों से दूरी बनाकर वास्तविक जीवन में जुड़ने की अपील की गई है।



मेयर ने बढ़ती डिजिटल लत को 'अदृश्य महामारी' बताते हुए कहा कि इकोनॉमिक्स सर्वे 2025-26 के अनुसार लगभग 15% युवा मध्यम से गंभीर तकनीकी लत से प्रभावित हैं और अवसाद के मामलों में भी बढ़ोतरी हुई है। इस पहल के तहत हर रविवार सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्वैच्छिक रूप से डिजिटल ब्रेक लेने का सुझाव दिया गया है, ताकि परिवार एक-दूसरे के साथ समय बिता सकें।

लोगों को शहर के प्रमुख गार्डन और हरित क्षेत्रों जैसे जाकिर हुसैन रोज गार्डन, जापानीज गार्डन चंडीगढ़, बॉउंगाइंविल्ले गार्डन चंडीगढ़ और टेरेस त्रंष्ठ गिल्लि चंडीगढ़ में जाकर प्रकृति से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मेयर ने कहा कि कम स्क्रीन टाइम से नींद बेहतर होती है, एकाग्रता बढ़ती है और मानसिक संतुलन में सुधार आता है। उन्होंने शहरवासियों से इस पहल को सफल बनाने की अपील की है, ताकि नोटिफिकेशन की बजाय रिश्तों और संवाद को प्राथमिकता दी जा सके।

# वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' अवार्ड से नवाजे जाने पर हरियाणा मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने खन्ना को दी शुभकामनाएं



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/31 अप्रैल। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना को बीते दिनों अवार्ड से नवाजे जाने के चलते हरियाणा मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने खन्ना को शुभकामनाएं दीं इस मौके नायाब सैनी ने कहा कि खन्ना मानव सेवा को समर्पित हैं। इसके साथ साथ खन्ना पर्यावरण सरक्षण के लिए भी अपनी बेजोड़ सेवाएं दे रहे हैं। सैनी ने कहा की खन्ना वास्तव में इस सम्मान के हकदार हैं जिसके चलते वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉड्र्स' के पंजाब चैप्टर के सी.ई.ओ. संदीप डोगरा द्वारा खन्ना को दिया गया है जो की गर्व की बात है । खन्ना ने मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी का धन्यवाद किया। इस मौके हरियाणा राज्य के अन्य भाजपा नेता भी उपस्थित।

# बाबा साहिब डॉ. अंबेडकर जी की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ हो सख्त कानूनी कार्रवाई- सोम प्रकाश



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/31 अप्रैल। जिला होशियारपुर के गांव नूरपुर जट्टां में डॉ. बाबा साहिब भीम राव अंबेडकर जी की प्रतिमा के नुकसान के समाचार के पश्चात यहां आम लोगों और विभिन्न दलित संगठनों में भारी रोष पाया जा रहा है बही भाजपा की ओर से भी इस घटना के कढ़ी निन्दा की इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश ने संबोधन करते हुए कहा कि बाबा साहिब की प्रतिमा की बेअदबी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की कोशिश है, जिसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# उत्कृष्ट सेवाएँ निभाने पर अध्यापक को किया सम्मानित



दलजीत अजनोहा

हुशियारपुर/यूटर्न/31 अप्रैल। गवर्नमेंट टीचर्स यूनियन और पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष कमेटी द्वारा शिक्षा विभाग में उत्कृष्ट सेवाएँ निभाने पर मास्टर प्रशोत्तम महमी, सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल भाम को शिक्षा विभाग में उत्कृष्ट सेवाएँ निभाने पर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि मास्टर प्रशोत्तम महमी द्वारा पढ़ाए गए विद्यार्थी आज अपनी जिंदगी में सफलता की ऊँचाइयों की ओर बढ़ रहे हैं। इस मौके पर अवसर पर अध्यक्ष नरिंदर अजनोहा, उंकार सिंह, पेंशनर आगू जस्विंदर सिंह और हरि सिंह जसवाल ने मास्टर प्रशोत्तम महिमी को उत्कृष्ट सेवाएँ निभाने पर बधाई दी और एक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल परमिंदरजीत सिंह, हेड टीचर मैडम तारा रानी, जतिन महमी, दिवेश महिमी, कुलविंदर कौर, जसवीर सिंह, डिम्पल राजा, गुरिंदर सिंह, जस्विंदर सिंह, हरदीप सिंह, हरीश पुरी, गुलशन कुमार, नरिंदर कौर, राजविंदर कौर, हरजिंदर कौर, संदीप कौर, तजिंदर कौर, रवीना कुमारी, गगनदीप कौर, विनोद कुमार, अमनदीप सिंह, कुलविंदर कौर, सोनिया भट्टी, मनजीत कुमार, अमरजीत सिंह आदि हाजिर थे।

# पदोन्नति पाकर सब-इंस्पेक्टर किरनदीप कौर और कमलदीप कौर बनीं इंस्पेक्टर

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/31/मार्च। पंजाब सरकार और पुलिस विभाग द्वारा समय-समय पर अधिकारियों और कर्मचारियों को पदोन्नति (प्रमोशन) देकर उनका मनोबल बढ़ाया जाता है।

इसी कड़ी के तहत, लुधियाना देहाती में तैनात सब-इंस्पेक्टर कमलदीप कौर और किरनदीप कौर को आज पदोन्नत कर इंस्पेक्टर नियुक्त किया गया।

एसएसपी (SSP) डॉ. अंकुर गुप्ता ने दोनों महिला अधिकारियों के कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

**ईमानदारी और सेवा का मिला फल:**-काबिलेगौर है कि इंस्पेक्टर कमलदीप कौर और इंस्पेक्टर किरनदीप कौर लुधियाना देहाती के विभिन्न थानों और चौकियों में अपनी सेवाएं दे



चुकी हैं। उनकी पहचान एक ईमानदार और अनुभवी अधिकारी के रूप में होती है।

**समाज सेवा:** महिला थाने में मुख्य अधिकारी के रूप में तैनात रहते हुए उन्होंने कई विवादों को सुलझाकर टूटने की कगार पर खड़े घरों को दोबारा बसाया।

**कर्तव्यनिष्ठा:** विभाग का कहना है कि उनकी इसी ईमानदारी और जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह तरक्की दी गई है।

**परमात्मा का किया धन्यवाद**

पत्रकारों से बातचीत करते हुए दोनों महिला अधिकारियों ने अपनी खुशी जाहिर की।

उन्होंने कहा:"हम आज बहुत खुश हैं और सच्चे दिल से वाहेगुरु का शुक्रिया अदा करती हैं। जिस तरह हमने अब तक अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाई है, भविष्य में भी इसी तरह समाज और विभाग की सेवा करती रहेंगी।

# जलभराव से राहत की तैयारी, 2.47 करोड़ से स्टॉर्म सीवर प्रोजेक्ट शुरू



जीरकपुर/यूटर्न/31 अप्रैल। रामगढ़ भुड्डा और नाभा क्षेत्र में हर साल बरसाती पानी से फसलों के डूबने की समस्या को दूर करने के लिए प्रशासन ने स्टॉर्म सीवर प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया है। करीब 2 करोड़ 47 लाख रुपये की लागत से शुरू इस योजना से किसानों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार करीब 50 एकड़ खेती योग्य जमीन में लंबे समय से पानी जमा रहने के कारण फसलें खराब हो जाती थीं या बुवाई तक संभव नहीं हो पाती थी। इससे किसानों को हर साल भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता था। साथ ही जलभराव के कारण मच्छरों व अन्य जहरीले जीवों की संख्या बढ़ने से आसपास की कॉलोनियों के लोगों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही थी।

## १.5 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछेगी

प्रोजेक्ट के तहत पीआर-7 एयरपोर्ट रोड से पाइप डालने का काम शुरू कर दिया गया है, जो नाभा साहिब के सामने से होते हुए घग्गर नदी तक जाएगा। इस योजना में करीब 2.5 किलोमीटर लंबी और चार फुट व्यास की पाइप लाइन बिछाई जा रही है, जिससे बरसाती पानी की सीधी निकासी संभव हो सकेगी।

**समय पर काम पूरा करने के निर्देश...**विभाग की एसडीओ साक्षी जिंदल ने बताया कि प्रोजेक्ट की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और ठेकेदार को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण काम पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट से खेतों और रिहायशी इलाकों में जलभराव की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। स्थानीय किसानों का कहना है कि यदि यह योजना पहले शुरू हो जाती तो उन्हें वर्षों से हो रहे नुकसान से बचाया जा सकता था। अब सभी को उम्मीद है कि यह प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद फसलों को डूबने से बचाया जा सकेगा और क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

# अप्रैल-फूल मनाया, आपको गुस्सा आया तो आया करें, अब हम क्या करें

## नाम श्याम, मगर श्वेत-काम

कोठारी मार्बल के श्याम कोठारी बिजनेस और सियासत से लेकर समाजसेवा तक हर क्षेत्र में रुचि रखते हैं। इस बार एक अप्रैल को उन्होंने महामूर्ख-सम्मेलन कराने का ऐलान किया है। जिसमें तमाम राजनेताओं, कारोबारियों और समाजसेवियों को बुलाएंगे। फिर उनको समाज में श्याम और श्वेत का अंतर समझाएंगे।




## जिंदल बोले, उससे मिलो, जो दिल खोले

साइकिल किंग राजिंदर जिंदल तंग-दिल लोगों से परहेज करते हैं। लिहाजा एक अप्रैल के लिए उन्होंने एक जिंगल-सांग सबके लिए तैयार किया है। जिसमें जिंदल बोले, बस उस शख्स से ही मिलो, जो आपके लिए दिल खोले। बाकी तंगदिल लोगों को हार्ट-सर्जरी कराने की सलाह दो।



## नागपाल, समझाएंगे देश का हाल

नागपाल एक्स्पोर्ट के बीसी नागपाल देश का हाल देखकर चिंतित हैं, लिहाजा उन्होंने एक अप्रैल को सर्व- समाज की बैठक बुलाई है। जिसका एजेंडा है कि मौकापरस्ती के इस दौर में पलटीमार नेताओं से अपने वादे पूरे कराओ और जमकर मौज मनाओ। बाकी तो नेता ही समाज के हर वर्ग को ठगते-छलते हैं।





## गुप्त बैठक, प्रस्ताव पारित होंगे ठकाठक

विशाल जेवेलर्स के मनोज ढांडा शहर लुधियाना में इस बार एक अप्रैल तमाम कारोबारियों गुप्त बैठक करेंगे। इस बैठक में खाली-पीली के रिजोल्यूशन ठकाठक पास किए जाएंगे। ताकि राजनेताओं को चिढ़ाया जा सके कि वे किस तरह सदन में खाली-पीली की बहस कर जनता के पैसे की बबार्दी करते हैं।






## गुरदेव शर्मा देबी समाज-सुधार का बना रहे मन

गुरदेव शर्मा देबी, भाजपा नेता, समाज के हालात पर नजर रखते है। लिहाजा एक अप्रैल को उन्होंने समाज सुधार अभियान चलाने का मन बनाया है। जिसमें वह स्कूली-टीचर की तरह सबसे पहले नेताओं को नैतिकता का पाठ पढ़ाएंगे। फिर आम जनता को यही समझाएंगे कि देश खुद सुधर जाएगा, बस हर कोई अपने को सुधार ले।

# बिहार के नालंदा में मां शीतला मंदिर में भगदड़, 9 की मौत, 12 घायल

चंडीगढ़/यूटर्न/31 अप्रैल। बिहार के नालंदा जिले में मंगलवार को मां शीतला मंदिर में हुई भगदड़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है, क्योंकि घायलों में से एक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कम से कम 12 अन्य लोग घायल हुए और उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना मंगलवार सुबह दीप नगर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले शीतला माता मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ के कारण हुई।

आमतौर पर मंगलवार को मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ होती है, लेकिन इस बार भीड़ काफी ज्यादा थी, क्योंकि यह चैत्र महीने का आखिरी मंगलवार था। बिहार शरीफ के सहायक पुलिस अधीक्षक नूरुल हक ने कहा, मंगलवार सुबह शीतला माता मंदिर में हुई भगदड़ में कम से कम आठ महिलाओं की मौत हो गई। पुलिसकर्मी और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं, और बचाव कार्य जारी है।





प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंदिर के अंदर अफरा-तफरी मच गई, जिससे भक्तों में दहशत फैल गई। बाहर निकलने की आपाधापी में कई महिलाएं भीड़ में फंस गई और उन्हें जानलेवा चोटें आई। हालांकि भगदड़ का सटीक कारण अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन पहली नजर में ऐसा लगता है कि भीड़ नियंत्रण में संभावित चूक और सुरक्षा व्यवस्था में कमी के कारण यह हादसा हुआ। अधिकारी मृतकों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं।

नालंदा के उप विकास आयुक्त (DDC) शुभम कुमार ने मीडियाकर्मियों को बताया कि यह घटना मंदिर में भारी भीड़ के कारण हुई हो सकती है। उन्होंने कहा, इस घटना में आठ भक्तों की मौत हो गई और आठ घायल हो गए।

दीप नगर पुलिस स्टेशन के स्टेशन हाउस ऑफिसर (SHO) को कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिला पुलिस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं। संबंधित अधिकारी मंदिर में लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगाल रहे हैं। जांचकर्ताओं की मदद के लिए फोरेंसिक विशेषज्ञों को भी लगाया गया है। 'बेहद दुखद' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगदड़ में लोगों की जान जाने पर शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिवारों के लिए 2 लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

प्रधानमंत्री ने एक संदेश में कहा, ₹बिहार के नालंदा ज़िले में हुई यह दुर्घटना बेहद दुखद है। मैं उन लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूँ जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ।

उन्होंने घोषणा की कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (PMNRF) से मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी श्रद्धालुओं की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया और उट राहत कोष से वित्तीय सहायता के तौर पर 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। राज्य आपदा विभाग ने भी मृतकों के परिवारों के लिए 4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। भगदड़ पर शोक व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यह घटना बेहद हृदयविदारक है।

मुर्मू ने पर हिंदी में एक पोस्ट में कहा, मैं सभी शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूँ। मैं उन सभी लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूँ जो घायल हुए हैं। इस बीच, बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने इस घटना के लिए सरकार पर कथित प्रशासनिक कुप्रबंधन का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, प्रशासनिक कुप्रबंधन के कारण हुई यह घटना, जिसके परिणामस्वरूप श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई, बेहद दुखद है। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ। मेरी हार्दिक संवेदनाएँ शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। यादव ने कहा, मैं राज्य सरकार और ज़िला प्रशासन से आग्रह करता हूँ कि वे घायलों के उचित चिकित्सा उपचार को सुनिश्चित करें, मृतकों के परिवारों को तत्काल सहायता प्रदान करें और इस घटना की उच्च-स्तरीय जाँच करवाएँ।

# UP में एक व्यक्ति ने शादी खत्म होने पर 9 किलोमीटर की कठिन 'दंडवत यात्रा' की

चंडीगढ़/यूटर्न/31 अप्रैल। उत्तर प्रदेश के बस्ती ज़िले से एक अनोखी घटना सामने आई है। जोगेश नाम का एक व्यक्ति 9 किलोमीटर की 'दंडवत यात्रा' करने के लिए वायरल हो गया है। यह एक ऐसा अनुष्ठान है जिसमें बार-बार पूरे शरीर से जमीन पर लेटकर प्रणाम किया जाता है। जोगेश ने यह यात्रा अपनी शादी बचाने के लिए नहीं, बल्कि शादी खत्म होने की खुशी में की है। यह यात्रा उसके गाँव से शुरू हुई और पूजनीय सिद्ध पीठ बैरवा समय माता मंदिर पर जाकर खत्म हुई। यह उस मन्नत का हिस्सा थी जो जोगेश ने अपनी निजी ज़िंदगी के एक बहुत ही मुश्किल दौर में मांगी थी।



जोगेश ने बताया कि उसकी शादी 2022 में हुई थी और शादी के शुरूआती दिनों से ही उसके वैवाहिक जीवन में कलह शुरू हो गई थी। उसके अनुसार, उसने मंदिर में यह मन्नत मांगी थी कि अगर उसे तलाक मिल जाता है, तो वह आभार व्यक्त करने के लिए दंडवत यात्रा करेगा। उसका दावा है कि 2025 में उसकी यह इच्छा पूरी हो गई, जिसके बाद उसने अपना वादा निभाया।

नारखोरिया का रहने वाला जोगेश दिल्ली में POP (प्लास्टर ऑफ पेरिस) इंटीरियर डिजाइन के क्षेत्र में काम करता है। उसने बताया कि शादी के बाद वह अपनी पत्नी को दिल्ली ले आया था, लेकिन उसकी कम आमदनी और काम के अनियमित घंटों को लेकर बार-बार होने वाले मतभेदों के कारण उनके बीच अक्सर झगड़े होते रहते थे, जिससे उसे काफी मानसिक तनाव झेलना पड़ा।

इस अनुष्ठान को पूरा करने के लिए, जोगेश ने स्थानीय प्रशासन से अनुमति मांगी, क्योंकि ज़िले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 125 (पहले CrPC की धारा 144) के तहत निषेधाज्ञा लागू थी। भानपुर के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (SDM) हिमांशु कुमार ने यात्रा की अनुमति दे दी और सुरक्षा के जरूरी इंतजाम भी किए गए। शनिवार की सुबह तड़के, बिना कुछ खाए-पिए, जोगेश ने यह शारीरिक रूप से बेहद कठिन यात्रा शुरू की। वह लगातार जमीन पर लेटकर प्रणाम करते हुए, एक-एक कदम आगे बढ़ता रहा। उसके माता-पिता और गाँव के कई लोग भी उसके साथ थे, जो रास्ते भर उसका हौसला बढ़ाते रहे और भक्ति भरे नारे लगाते रहे।

शाम तक, जब वह लगभग नौ किलोमीटर की दूरी तय करके मंदिर पहुँचा, तो यात्रा की थकान उसके चेहरे पर साफ झलक रही थी। वह साफ तौर पर थका हुआ लग रहा था, उसके घुटनों पर चोट के निशान थे, फिर भी उस मन्नत को पूरा करने के बाद वह भावनात्मक रूप से राहत महसूस कर रहा था, जो उसने कभी हताशा में मांगी थी।

थाना प्रभारी महेश सिंह ने कहा, यात्रा को सुरक्षित रूप से संपन्न कराने के लिए दो पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था, जो 28 मार्च को पूरी हुई। इस घटना का एक वीडियो तब से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिस पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। जहां कुछ लोगों ने सहानुभूति जताई है और इस रस्म को एक तरह की 'पर्सनल क्लोजर' (निजी समापन) के तौर पर देखा है, वहीं दूसरों ने शादी के अंत को इतने नाटकीय और सार्वजनिक तरीके से दर्शाने के प्रतीकात्मक महत्व पर सवाल उठाए हैं।

# सीपीडीएल की कार्यप्रणाली पर कांग्रेस का हमला, सुधार न हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

चंडीगढ़/यूटर्न/31 अप्रैल। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने बिजली वितरण कंपनी चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (सीपीडीएल) की कार्यप्रणाली पर कड़ा विरोध जताते हुए सुधार न होने पर सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी है। पार्टी अध्यक्ष एचएस लकी ने कहा कि सीपीडीएल के जिम्मा संभालने के बाद शहर में बिजली से जुड़ी समस्याएं बढ़ी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी ने बिलिंग व्यवस्था को दो महीने से बदलकर मासिक कर दिया है, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है और कंपनी को अग्रिम भुगतान का लाभ मिल रहा है।



उन्होंने यह भी कहा कि एक ही महीने में दो बार बिल भेजने जैसी शिकायतें सामने आई हैं, जो कंपनी की अव्यवस्थित कार्यप्रणाली को दर्शाती हैं। इसके अलावा कर्मचारियों के शोषण, सर्विस रूल्स की अनदेखी और नियमों के उल्लंघन के आरोप भी लगाए गए। लक्की के अनुसार, हाल ही में शहर के कई इलाकों में लंबे समय तक बिजली कटौती रही, लेकिन कंपनी की ओर से समय पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। कांग्रेस ने बिजली विभाग के निजीकरण का विरोध करते हुए पहले किए गए धरने का भी जिक्र किया और कहा कि अब बिजली दरों में हर साल 2% और पांच वर्षों में 11% तक बढ़ोतरी का फैसला आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डालेगा। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग के साथ बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।

यूटर्न टाइम

# बस शेल्टर पर नारियल की दुकान, ढकोली में अवैध कब्जे से लोगों में रोष

जीरकपुर/यूटर्न/31 अप्रैल। क्षेत्र में अवैध कब्जों की समस्या एक बार फिर सामने आई है। मोतिया हाइट्स के सामने नगर परिषद द्वारा बनाए गए बस शेल्टर पर एक नारियल की दुकान लगाकर कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह बस शेल्टर यात्रियों की सुविधा के लिए बनाया गया था, लेकिन अब इसका उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है।



उरवा ग्रुप की सोसाइटीज की ओर से इस संबंध में नगर परिषद को कई बार लिखित शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

निवासियों का कहना है कि बस शेल्टर पर दुकान लगने से यात्रियों को बैठने और खड़े होने में दिक्कत हो रही है। साथ ही यह अवैध कब्जा नियमों की अनदेखी और क्षेत्र की व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

उरवा ग्रुप की सोसाइटीज ने नगर परिषद से मांग की है कि इस अवैध कब्जे को जल्द हटाया जाए, ताकि बस शेल्टर का उपयोग आम जनता के लिए सही तरीके से हो सके।

इस संबंध में इंफोर्समेंट विंग जीरकपुर के अजय बराड़ ने बताया कि वह मौके का निरीक्षण कर चुके हैं और अवैध रूप से लगाई गई नारियल की दुकान को बुधवार सुबह हटा दिया

# मुफ्त चेकअप कैंप व आयुर्वेदिक दवाइयों का लंगर 2 अप्रैल को

जीरकपुर/यूटर्न/31 अप्रैल। जीवनदीप सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट, जीरकपुर की ओर से नए आयुर्वेदिक क्लीनिक के उद्घाटन अवसर पर 2 अप्रैल (वीरवार) को मुफ्त चेकअप कैंप और आयुर्वेदिक दवाइयों का लंगर लगाया जाएगा। यह कैंप अंबाला-चंडीगढ़ रोड पर यूको बैंक के सामने, एससीओ-103, फर्स्ट फ्लोर में आयोजित होगा। इस दौरान रक्तदान कैंप का भी आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के चेयरमैन सुखराज सिंह गिल ने बताया कि इस दिन आयुर्वेदिक क्लीनिक और लैब का उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लैब में 70 फीसदी तक कम दरों पर टेस्ट और 50 फीसदी तक कम कीमत पर आयुर्वेदिक दवाइयां उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर चेकअप और रक्तदान कैंप का लाभ उठाएं।

# खाने पीने की वस्तुओं के 17 सैंपल लिए

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/31 अप्रैल। स्वास्थ्य विभाग की टीम में नये जिला स्वास्थ्य अधिकारी के के बाद सैंपल लेने के काम में तेजी आई है आज फूड विंग की टीम ने विभिन्न इलाकों का दौरा करते हुए खाने पीने की वस्तुओं के 17 सैंपल भरकर उन्हें जांच के लिए भेजा है फूड टीम ने पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, ऋषि नगर, फाउंटेन चौक, सैक्टर 32, मुंडियां कलां, जमालपुर के इलाकों में अलग-अलग फास्ट फूड आउटलेट और रेस्टोरेंट, बेकरी, मिठाई की दुकानों और डेयरियों, हॉस्टल और मेस का इंस्पेक्शन किया है जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आशीष चावला ने बताया कि टीम ने आटा, पनीर, दही, तैयार सब्जी, पनीर, नारियल की चटनी, तैयार चना मंचूरिया, वेज पैटी, मैदा, मीठा मसाला, आटा, घी, गुड़ के टुकड़े, दूध के 17 सैंपल लिए हैं। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के सैंपल जांच में फेल हुए उनके विरुद्ध फूड सेफ्टी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी

# मशीनों से बात करने वाले कर्मयोगी थे ओपी जिंदल : राजेश सिंगला

## स्टील मैन ओ पी जिन्दल को भावभीनी श्रद्धांजलि, समाज के लिए प्रेरणा बने रहेंगे बाऊ जी

अश्विनी वालिया

कुरुक्षेत्र, यूटर्न, 31 मार्च। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा, महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी), अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन तथा अग्रोहा धाम वैश्य समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्टील मैन ओपी जिंदल की 21वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। श्रद्धांजलि समारोह के दौरान स्मृति स्थल पर पुष्प अर्पित कर समाज के लोगों ने उन्हें याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव एवं अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंगला ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा



कि ओपी जिंदल केवल एक उद्योगपति नहीं, बल्कि कर्मयोगी और समाज के सच्चे सेवक थे। उनका व्यक्तित्व धार्मिक, सामाजिक और दानी प्रवृत्ति का था। वे एक आदर्श पुत्र, आदर्श पति और आदर्श पिता थे। सिंगला ने कहा कि स्टील मैन ओपी जिंदल मशीनों से बात करते थे। वे सचमुच कमाल के इंसान थे, जिनका जीवन समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है और हमेशा रहेगा। मैसी के प्रधान मुनीष मित्तल ने उन्हें याद करते हुए भावुक शब्दों में कहा कि बाऊ जी जैसे लोग सदियों में एक बार जन्म लेते हैं। वे तूफानों से टकराने वाले मजबूत व्यक्तित्व के मालिक थे, लेकिन दिल से बेहद सरल, निष्कपट और विनम्र इंसान थे। वास्तव में वे कुन्दन जैसे व्यक्तित्व के धनी थे। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिला प्रधान अशोक गर्ग ने भी साथियों सहित श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं अग्रोहा वैश्य समाज के कुरुक्षेत्र जिला प्रधान अशोक गुप्ता ने कहा कि ओ पी जिंदल एक सफल उद्योगपति होने के साथ-साथ एक कुशल इंजीनियर और संघर्षशील व्यक्तित्व के प्रतीक थे। वे कार्यकताओं का सम्मान करने वाले सच्चे जनसेवक थे और उनका जीवन आज भी समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर समाज सेवी सेवानिवृत्त प्राध्यापिका मंजू बाला सिंगला, संजीव गर्ग, विजय गर्ग, जंग बहादुर सिंगला, विनय गुप्ता, अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के जिलाध्यक्ष प्रमोद बंसल, अजय गुप्ता, सचिन सिंगला, निशी गुप्ता, विपिन गर्ग, सुमित गर्ग, योगेश गर्ग सहित समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




# डेराबस्सी में सड़क हादसाः आवारा पशु को बचाने की कोशिश में बाइक सवार की मौत

डेराबस्सी/यूटर्न/31 अप्रैल। डेरा बस्सी-अंबाला लिंक रोड पर कारकौर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब बाइक सवार ने अचानक सामने आए आवारा पशु को बचाने की कोशिश की।

मृतक की पहचान बलजिंदर सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी गांव बलमाजरा, थाना शंभू के रूप में हुई है। वह डेराबस्सी स्थित सौरभ केमिकल फैक्ट्री में कार्यरत था और ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहा था।

### सिर में गंभीर चोट बनी मौत का कारण

जानकारी के अनुसार सोमवार शाम करीब 6:15 बजे बलजिंदर सिंह अपने साले गुरविंदर के साथ बाइक पर सवार होकर घर



लौट रहा था। बाइक गुरविंदर चला रहा था जबकि बलजिंदर पीछे बैठा था। कारकौर के समीप अचानक एक आवारा पशु सामने आ गया, जिसे बचाने के प्रयास में बाइक असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई। इस दौरान बलजिंदर सिंह सिर के बल सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

राहगीरों की मदद से उसे तुरंत डेराबस्सी के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

बलजिंदर सिंह अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### पुलिस ने की कार्रवाई

जांच अधिकारी हरप्रीत सिंह के मुताबिक पुलिस ने मृतक के साले गुरविंदर की शिकायत पर बीएनएस की धारा 194 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# जीरकपुर में बदहाल सड़क को लेकर लोगों का प्रदर्शन, प्रशासन पर लापरवाही के आरोप





जीरकपुर/यूटर्न/31 अप्रैल। नाभा-पभात रोड पर स्थित दर्जनों सोसायटियों के निवासियों ने सड़क की खराब हालत को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और नगर परिषद प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। लोगों का कहना है कि वर्षों से सड़क की हालत खराब है, लेकिन सुधार के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

प्रदर्शन में शामिल राजीव कक्कड़, रवि प्रसाद श्रीवास्तव, अनिल काद्यान्न, अजय यादव, ललित भारद्वाज, संदीप सलवान, तिलक राज शर्मा, सुभाष रंदे, संजय भारद्वाज, योगेश्वर शर्मा, अश्विनी गौर, राजेश गुप्ता, राजीव शर्मा, राजीव श्रीवास्तव, शेखर, शबनम, नेहा, सुनीता, राधिका, मंजरी, भावना गुप्ता, श्वेता और रघुवीर कोठारी सहित अन्य लोगों ने प्रदर्शन में भाग लिया। लोगों ने बताया कि सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे पड़े हैं, जिससे रोजाना आवागमन करना मुश्किल हो गया है। इस मार्ग से भारी वाहनों की आवाजाही भी लगातार जारी रहती है, जिससे सड़क की स्थिति और खराब होती जा रही है और हादसों का खतरा बना रहता है।

# अधूरी सड़क पर भड़के लक्ष्मी एनक्लेव के लोग, भेदभाव के लगाए आरोप



जीरकपुर/यूटर्न/31 अप्रैल। ढकोली के वार्ड नंबर 6 स्थित लक्ष्मी एनक्लेव में सड़क निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय निवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन पर सौतेला व्यवहार अपनाने का आरोप लगाते हुए अधूरी सड़क को जल्द पूरा करने की मांग की है। इस मौके पर लक्ष्मी एनक्लेव के प्रधान सुखविंदर सिंह, सोहनलाल वर्मा, हरभजन सिंह, हरीश, संजय, विशाल, सोनू, बिट्टू, रामपाल सिंह समेत अन्य निवासियों ने बताया कि इलाके में सड़क निर्माण के लिए पूरा टेंडर पास किया गया था, लेकिन इसके बावजूद कॉलोनी के पास सड़क का एक हिस्सा अधूरा छोड़ दिया गया। लोगों का आरोप है कि यह केवल लापरवाही नहीं बल्कि सुनियोजित भेदभाव है।

निवासियों के अनुसार, अधूरी सड़क के कारण रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान यहां कीचड़ और जलभराव हो जाता है, जबकि सूखे मौसम में धूल उड़ने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया चालकों के लिए यह रास्ता खतरनाक बना हुआ है। लोगों ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग को शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने विधायक कुलजीत सिंह रंधावा से मौके का दौरा कर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

निवासियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही अधूरी सड़क पूरी नहीं की गई तो वे बड़ा आंदोलन शुरू करने को मजबूर होंगे। उन्होंने विकास कार्यों में समानता सुनिश्चित करने की मांग उठाई है।




# मनमुटाव खत्म, मुस्कान के साथ आएगा अप्रैल फूल

## सेठ का ठेठ-संदेश, बदलेंगे अपना देश



नीलम साईकिल के केके सेठ ने एक अप्रैल को नया 'खेला' करने का ऐलान किया है। वह अपनी 'समाजसेवा की साइकिल' पूरी रफ्तार से दौड़ाएंगे। इस मुहिम के दौरान वह देश-समाज को बदलने का संदेश फैलाएंगे। जो नहीं मानेगा, उसको साइकिल पर पीछे बैठाकर पूरी रफ्तार से दौड़ाएंगे।

## कुछ तो बात है...



सत्यम ऑटो के सुरेश मुंजाल ने सिर्फ उद्योग जगत में ही खास मुकाम नहीं बनाया, वह अपनी जिंदादिली के लिए भी पहचाने जाते हैं। इस एक अप्रैल को वह अपने अंदर छिपे कलाकार को बाहर लाने के लिए नामी सदाबहार हीरो की तर्ज पर फिल्म बनाने का ऐलान करेंगे। जिसके दिल को जवां करने वाला एक गीत खुद लिखेंगे, जिसका टाइटल होगा, सुहाना सफर और ये मौसम हंसी।

## अप्रैल फूलः खबर कम, कन्फ्यूजन ज्यादा - संदीप शर्मा की चेतावनी



लुधियाना में अप्रैल फूल पर ऐसी-ऐसी खबरें उड़ रही हैं कि सच भी खुद कन्फ्यूज हो जाए! कारोबारियों ने भी इन्हें हंसी में लिया, लेकिन संदीप शर्मा का कहना है — आज के दिन हर खबर को 'डबल चेक' करो, नहीं तो आप भी बन सकते हैं फूल!

## चरणजीत सिंह व्यस्त, समाज के कील-कांटे करेंगे दुरुस्तः



विश्वकर्मा इंडिस्ट्री के चरणजीत सिंह इस एक अप्रैल को समाज के 'कील-काटे' दुरुस्त करने के लिए सार्वजनिक संकल्प सभा करेंगे। जिसमें तमाम राजनेताओं, कथित-समाजसेवियों और आम लोगों को नैतिकता की घुट्टी पिलाएंगे। ताकि वे जनहित में कुछ भला कर सकें।

## अनिल सचदेवा, छीन लेंगे नेताओं का चैनः



कोहिनूर साइकिल के अनिल सचदेवा बावा खुद राजनीति में भी हाथ आजमा चुके हैं। अब एक अप्रैल को उन्होंने 'नेता सुधारो मुहिम' चलाने का ऐलान किया है। ताकि जनता दरबार में नेताओं को जवाबदेह बनाने का इंतजाम कर सके। बावा ने दावा किया कि वह इस मुहिम के जरिए नेताओं का चैन छीन लेंगे और जनता को चैन की नींद सुलाने का इंतजाम करेंगे।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372